मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-224
30/04/2020

प्रख्यात फिल्म अभिनेता ऋषि कपूर का निधन फिल्म जगत के लिये अपूरणीय क्षति :– मुख्यमंत्री

पटना, 30 अप्रैल 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने हिन्दी सिनेमा के प्रख्यात अभिनेता ऋषि कपूर के असामयिक निधन पर गहरा शोक एवं दुख व्यक्त करते हुये कहा कि उनके निधन से हिन्दी सिनेमा जगत को अपूरणीय क्षति हुयी है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि लम्बे समय तक वे फिल्म प्रेमियों के दिलों पर छाये रहे। वे एक उत्कृष्ट एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी अभिनेता थे। ऋषि कपूर फिल्म अभिनेता के साथ–साथ फिल्म निर्माता और निर्देशक भी थे। वे बाल कलाकार के रूप में भी काम कर चुके थे। उन्हें उनकी पहली फिल्म में शानदार भूमिका के लिए 1971 में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

मुख्यमंत्री ने स्व0 ऋषि कपूर की आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******